**मौसम** | अंधड़ से आधे शहर की बिजली व्यवस्था हुई ठप

# धूलभरी आंधी के बाद सात घण्टे बिजली गुल



**जबलपुर ।** शहर में गुरूवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को उस वक्त राहत मिली जब दोपहर में आसमान में काले बादल छा गए और शाम ढलते ही देखते ही देखते तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सडक़ों पर दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे यातायात की गति भी धीमी पड़ गई। आंधी के साथ ही रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। जिससे तपती गर्मी से लोगों को राहत मिली । शाम के समय लोग सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए घरों से बाहर निकले। मौसम में आए इस बदलाव का सबसे ज्यादा असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। तेज आंधी के कारण आधे शहर की बिजली व्यवस्था ठप हो गई । बिजली फाल्ट ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया था विभागीय सूत्रो के अनुसार शाम पाँच बजे नेपियर टाउन, राइट टाउन, आधारताल, ग्वारीघाट सहित अन्य क्षेत्रों की बिजली अचानक आंधी तूफान के कारण गोल हो गई। जो देर रात तक चालू नहीं हो सकी थी। लोग कटौती के बारे में फोन कर रहे थे, तो उन्हें केंद्र से फीडर में फाल्ट और जल्द ही निर्बाध बिजली आपूर्ति की बात बता रहे थे बिजली कटौती की सही जानकारी देने के बजाय उपभोक्ताओं को फॉल्ट के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की बात कही गयी, लेकिन सच्चाई कुछ और थी जानकारी के अनुसार 33 केवी तार में आई तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। अब सवाल यह उठता है कि क्या स्मार्ट सिटी कहलाने वाला जबलपुर शहर अब एक बड़ा गॉव बनकर रह गया है। सिर्फ शहरी क्षेत्र नहीं बल्कि ग्रामीण इलाके जैसे बोरिया, बेलखाड़ू, कटंगी में भी बिजली ने लोगो को खूब रुलाया था।

### ऐसा रहा तापमान

गुरूवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 43 और शाम को 28 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं चार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

### गरज चमक के साथ बारिश के आसार

एक नया पश्चिमी विक्षोभ 2 मई से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो गरज चमक के साथ बारिश के आसार है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में रुक-रुक कर बारिश और हवाएं चलने की संभावना जताई है।

### ये सिस्टम हैं सक्रिय

मौसम विभाग की माने तो एक पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में कश्मीर और निकटवर्ती क्षेत्र में माध्य समुद्र तल से 3.1 से 5.8 किमी की ऊंचाई पर अवस्थित है। एक ट्रफ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी ऊँचाई पर था, जो आगे बढ़ चुका है। एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर पंजाब और निकटवर्ती क्षेत्र में माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है। एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और निकटवर्ती क्षेत्र में माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।

# रांझी की गलियों में घूमकर निगमायुक्त ने देखी व्यवस्थाएं

▸ **सुपरवाइजर के घर भी पहुंचे, बच्चों को दुलारा**



**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गुरूवार को शहर की स्वच्छता अभियान के तहत सिटी प्रोफाइल के कार्यों का जायजा लिया । वे अचानक रांझी क्षेत्र में पहुंचे इस दौरान उन्होंने सिटी प्रोफाइल के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र की सडक़ों, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग और नागरिकों की सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग की टीम को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद निगमायुक्त अहिरवार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अस्वस्थ वार्ड सुपरवाइजर फरीद के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना।

कर्मचारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए निगमायुक्त ने तत्काल चिकित्सक को फोन लगाया और फरीद के समुचित इलाज की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने अनुरोध किया। इस मुलाकात के दौरान निगमायुक्त ने फरीद की दोनों लाड़ली बेटियों को अपने पास बिठाकर उनसे बातें की और उन्हें दुलारा।

इस अवसर पर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा के अलावा स्वास्थ्य और लोककर्म विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने सिटीजन दें सकारात्मक फीडबैक

▸ **शहर के गौरव बढ़ाने ननि का जागरूकता अभियान**

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने नगर निगम ने पूरी ताकत झोंक दी है । स्वच्छता में जबलपुर को इस बार प्रथम पायदान पर पहुँचाने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रयासों के अंतर्गत स्वच्छता टीम के सदस्यों द्वारा शहरभर में घर-घर दस्तक देकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप शहर भर में स्वच्छता के कार्यो को भी जमीनी धरातल पर कराया जा रहा है। इसके साथ-साथ सिटी ब्यूटीफिकेशन के लिए भी पेंटिंग, वॉल राईटिंग, पौधरोपण, कबर्ड जाली का निर्माण, दोनों पालियों में बेहतर सफाई के साथ-साथ रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था और घर-घर से कचरा प्रबंधन के कार्य भी व्यवस्थित तरीके से लगातार कराये जा रहे हैं। इसके अलावा स्वच्छता मापदण्डों के तहत् शहर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने कई प्रकार के प्लांटों की स्थापना कर बेहतर संचालन से शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान में बहुत तेजी आई है। इस वर्ष जबलपुर स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने को टारगेट करते हुए जमीनी धरातल पर कार्य कर रहा है।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने फीडबैक देने के लिए क्यूआर कोड जारी कर दिया है। शहर में इन दिनों इसको लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। नगर निगम टीम के सदस्यों ने आमजन को फीडबैक देने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वे लिंक और क्यूआर कोड भी दे रहे हैं। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि इस फीडबैक के लिए मोबाइल पर एक ओटीपी भी आता है।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहरवासी अपना नंबर दर्ज कर फीडबैक दे सकते हैं। इसके लिए फीडबैक देने से पहले एक ओटीपी मोबाइल पर आएगा पूरा फीडबैक सबमिट होने के बाद ही ओटीपी सबमिट करना है। फीडबैक के सवालों का जवाब विकल्प के रूप में मौजूद रहता है।

**13 सवालों के देने होंगे जवाब-** क्या आपके घर, दुकान से रोजाना कचरा उठाया जाता है? क्या आपका घर, दुकान कचरे को फेंकने से पहले कम से कम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करता है? क्या कचरा उठाने वाला कचरा अलग-अलग तरीके से (कैटेगरी के अनुसार) उठाकर गाड़ी में डालता है, या उठाने, लोड करने के दौरान उसे मिला देता है? क्या आपके इलाके में रोजाना झाड़ू लगाई जाती है? आप आपने इलाके की साफ-सफाई को साफ-सफाई के मामले में कैसे रेट करेगें? आप आपने इलाके के आस-पास कितनी बार लावारिस कूड़े के ढेर या कचरे के ढेर देखते हैं? समेत कुल 13 सवालों के जवाब देंगे होगे ।

**फीडबैक दें, शहर का मान राष्ट्रीय स्तर पर और बढ़ेगा-** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पार्षद साथियों, सभी शासकीय-अशासकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों, स्वयं सेवी संगठनों एवं व्यापारी बंधुओं से भी अपील की है कि अपने शहर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने शहरहित में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की प्रतियोगिता में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते हुए साकारात्मक फीडबैक दें ताकि अपने शहर का मान राष्ट्रीय स्तर पर और बढ़ सके।

# नाबालिग को बहला कर ले गए थे, लाखों में की सौदेबाजी, फिर 2 लाख में ब्याहा



**जबलपुर।** मानव तस्करी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मनीष सपेरा और उसके भांजे अर्जुन सपेरा को गुना से गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल घमापुर थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग लडक़ी को आरोपी बहला कर ले गए थे और लाखों में सौदेबाजी की थी। साजिश के तहत शाजापुर में 2 लाख रुपये में बेच दिया था। जिसके बाद उसका ब्याहा भी कराया गया था।

सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि 6 दिसंबर 2025 को नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट उसके पिता ने दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच में पुलिस ने लडक़ी के मित्र सुमित चौहान को हिरासत में लिया। उससे मिली जानकारी और साइबर सेल की मदद से पुलिस की एक टीम सुजालपुर पहुँची, जहाँ आकाश मेवाड़ा के घर से पीड़िता को सुरक्षित दस्तयाब किया गया था। पीड़िता ने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसे मनीष सपेरा और उसके साथियों ने झांसा दिया और सुजालपुर निवासी आकाश मेवाड़ा को 2 लाख रुपये में बेच दिया था। आकाश उसे जबरन पत्नी बनाकर रख रहा था। विवेचना महिला थाना जबलपुर को सौंपी गई और पुलिस की कई टीमें सीहोर, राजगढ़, ब्यावरा और सिरोंज के लिए रवाना की गईं। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक सात आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। राकेश कोरवे निवासी सीहोर, हेमराज कुमारिया निवासी शाजापुर, हेमराज गौड़ निवासी ब्यावरा और राय सिंह निवासी राजगढ़ को 2 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। इन्होंने कबूला था कि सौदे की रकम आपस में बांटी गई थी। 15 मार्च को महिला आरोपी जतन बाई को राजगढ़ से दबोचा गया था। गिरोह के मुख्य सरगना मनीष सपेरा और अर्जुन सपेरा जो लंबे समय से फरार थे, उन्हें पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और तकनीकी सहायता के आधार पर अब गुना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस को अंदेशा है कि यह गिरोह क्षेत्र में अन्य लड़कियों की तस्करी में भी शामिल हो सकता है। फिलहाल सभी आरोपी न्यायिक अभिरक्षा जेल में हैं।


